# अमर शहीदों व शिक्षाविद के नाम पर प्रवेश द्वार का लोकार्पण

## ग्राम पंचायत बरती में निर्मित भव्य प्रवेश द्वार का लोकार्पण विधायक निधि मद से विधिवत रूप से किया गया





**नवभारत न्यूज**

**रामपुर बाघेलान 19 अप्रैल, ग्राम पंचायत बरती में अमर शहीद पहाड़ सिंह नाहर सिंह एवं शिक्षाविद डी.एन. सिंह परिहार के सम्मान में निर्मित भव्य प्रवेश द्वार का लोकार्पण विधायक निधि मद से विधिवत रूप से सम्पन्न हुआ। यह आयोजन पूरे ग्रामवासियों के लिए गर्व, सम्मान और प्रेरणा का प्रतीक बन गया।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामपुर बघेलान विधायक विक्रम सिंह विक्की रहे, जबकि अध्यक्षता जनपद सदस्य सुलोचना सिंह ने की। कार्यक्रम का संचालन बृजेश सिंह चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर रामपुर बघेलान एसडीएम आर.एन. खरे, नायब तहसीलदार वीरेंद्र सिंह, मंगलेश्वर सिंह, जिला बस ऑनर्स एसोसिएशन के सचिव बृजेंद्र सिंह परिहार, विधायक प्रतिनिधि विद्याधर तिवारी एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष छिबौरा शैलेंद्र सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।




मुख्य अतिथि विधायक विक्रम सिंह विक्की ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह भव्य प्रवेश द्वार केवल एक निर्माण नहीं, बल्कि हमारे अमर शहीदों के त्याग, बलिदान और गौरवशाली इतिहास की अमिट पहचान है। यह आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति और समर्पण की प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए वे सदैव प्रतिबद्ध हैं और विकास कार्यों को निरंतर गति दी जाएगी।ग्राम पंचायत बरती के सरपंच धीरेंद्र सिंह परिहार ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह प्रवेश द्वार ऐतिहासिक महत्व का है, जो ग्राम बरती को एक नई, विशिष्ट और सम्मानजनक पहचान प्रदान करेगा। यह द्वार केवल गांव का प्रवेश नहीं बल्कि बरती की गौरवगाथा और स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गांव के सर्वांगीण विकास, बेहतर सुविधाओं और जनहित के कार्यों के लिए उनका प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें उमेश तिवारी, विभोर सिंह, मनभरण पांडे, राम सिंह, मातिवार सिंह, हनुमान सिंह, इंद्रपाल सिंह, सनी सिंह, इश्हाख खान, विनोद सिंह, शंकर लाल साहू, अमन सिंह, संजय सिंह, अनुराग सिंह, पिंटू सिंह, अनुपम सिंह, शैलेश सिंह, ब्रजराज सिंह, सुनील सिंह, शिव मोहन सिंह, एड. धीरेंद्र अग्निहोत्री, आदित्य सिंह, मंजुला साहू, मुलिया हरिजन, शकीला हरिजन, बालेंद्र सिंह, राजभान सिंह, क्रांति कोल, रेखा सिंह, सरोज सिंह, प्रेमवती विश्वकर्मा, बृजभान विश्वकर्मा, राजेंद्र दहिया, सुधा सिंह, समर बहादुर सिंह, सुशीला सिंह, मनीषा सिंह, राधा सिंह, राजेंद्र कोल, रामलली वर्मा, गणेश सिंह, संतोष सिंह, अवधेश सिंह, पुष्पराज सिंह, वीरेश सिंह, राजू पाल, संजय सिंह, सजीव सिंह, पुष्पराज अग्निहोत्री, रामायण पांडे, महेश पांडेय, गुन्नू आदिवासी, बबलू कोल, शेखर कोल, जुम्मन खान, जान मोहम्मद, विमलेश साहू, राजे आदिवासी, गोकुल बौद्ध, सौखीलाल सिंह सहित अनेक लोग शामिल रहे।यह भव्य आयोजन ग्राम बरती की एकता गौरव और विकास की भावना को और सशक्त करने वाला सिद्ध हुआ तथा पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्रोत बनकर उभरा।



# बरकोनिया में 43 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**नवभारत न्यूज**

**नागौद 19 अप्रैल, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत श्री जानकी रमण बरकोनिया मंदिर में जनपद पंचायत एवं नगर परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया है.**

जिसमें 43 जोड़ों का पंजीयन कर विवाह संपन्न कराया गया। गायत्री परिवार द्वारा कराया जा रहा है मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक नागेंद्र सिंह ,श्रीमती अल्पना सिंह अध्यक्ष जनपद पंचायत ,श्रीमती प्रतिभा सिंह अध्यक्ष नगर परिषद, अशोक मिश्रा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, शैलेंद्र प्रताप सिंह सीएमओ सहित निकाय एवं पंचायत जनप्रतिनिधि मौजूद है।


# चेक बाउंस मामले पर सजा व जुर्माना

- बरकोनिया मंदिर को दिए गए चेक बाउंस का मामला
- न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नागौद सिमोना सिंह का फैसला

**नवभारत न्यूज**

**नागौद 19 अप्रैल, मामले का संक्षेप श्री जानकी रमण बरकोनिया मंदिर समिति नागौद卐 के स्वामित्व की ग्राम बरकोनिया माफी, बरकोनिया कोठार ,सलैया कोठार, नामतारा, बिकरा, गिंजारा, बसुधा, एवं कचनार में कुल 14 खंडमिलाकर 87.813 हेक्टेयर कृषि भूमि है। जिसमें कृषि कार्य के लिए प्रत्येक वर्ष बरकोनिया मंदिर समिति द्वारा स्वतंत्र रूप से बोली लगाकर निविदा आमंत्रित की जाती है।**

दिनांक 30.05.2022 को वर्ष 2022-23 के कृषि-वर्ष के लिए ग्राम बरकोनिया माफी के खंड क्रमांक 01 रखवा 8.580 हेक्टर, खंड क्रमांक 5 रखवा 8.580 हेक्टेयर, एवं खंड क्रमांक 10 रखवा 8.319 हेक्टेयर हेतु निविदा आमंत्रित की गई थी। जिसमें सर्वाधिक बोली शत्रुघ्न प्रसाद लोधी पिता भूधर लोधी निवासी सलैया कोठार द्वारा क्रमशः खंड




क्रमांक 05 के लिए 395000( तीन लाख पन्चांनवे हजार रुपए), खंड क्रमांक 01 एवं 10 के लिए 412000 -412000( चार लाख बारह हजार-चार लाख बारह हजार रुपए) की लगाए जाने पर निविदा शत्रुघ्न प्रसाद लोधी के पक्ष में प्रस्तावित हुई थी ।अनुबंध पत्र की शर्त के मुताबिक तीनों भूखंडों के लिए अलग-अलग 60000+60000+60000 कुल 180000=00 (एक लाख अस्सी हज़ार रुपए) जमा किए गए थे। शेष राशि के लिए 3 लाख 52 हजार रुपए के दो चेक एवं 335000 का एक चेक जारी किया गया था। जिसे बरकोनिया मंदिर समिति द्वारा अपने खाते पर आहरण हेतु लगाने पर आरोपी के खाते में पर्याप्त राशि न होने की टीप के साथ बैंक द्वारा अनादरित कर दिया गया। श्री जानकी रमण बरकोनिया मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा कई बार मांग किए जाने के उपरांत भी आरोपी के द्वारा मंदिर समिति को आर्थिक क्षति पहुंचाने के आशय से राशि अदा नहीं की गई, जिस पर श्री जानकी रमण बरकोनिया मंदिर समिति द्वारा अपर लोक अभियोजक श्री बी.के. त्रिपाठी के माध्यम से न्यायालय के समक्ष आरोपी के विरुद्ध चेक अनादरित होने के तीन अलग-अलग प्रकरण प्रस्तुत किए गए। मामले की सुनवाई के उपरांत प्रस्तुत साक्ष्यों एवं तथ्यों के आधार पर विद्वान न्यायालय द्वारा आरोपी के कृत्य को जानबूझकर राशि भुगतान करने से बचने का प्रयास जिससे मंदिर प्रबंधन को हुई आर्थिक क्षति का दोषी पाते हुए तीनों प्रकरणों में अलग-अलग, एक-एक वर्ष के सश्रम कारावास के दंड से दंडित किया गया, साथ ही अलग-अलग चेकों के लिए क्रमशः 425000 +446000 +446000 कुल - 1117000=00रु आरोपी को प्रतिकर के रूप में श्री जानकी रमण बरकोनिया मंदिर समिति नागौद के पक्ष में अदा करने का निर्देश दिया गया।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 110 जोड़े परिणय बंधन में बंधे

**नवभारत न्यूज**

**सतना 19 अप्रैल, मुख्यमंत्री कन्या विवाह / निकाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह जनपद का अलग और नगर परिषद का अलग जगह में संपन्न हुआ। जनपद प्रांगण उचेहरा में सम्पन्न हुये विवाह में 90 जोड़े परिणय बंधन में बंधे इसी तरह नगर परिषद द्वारा टाउन हाल में संपन्न हुये आयोजन में 20 जोडे परिणय बंधन में बंधे।**

कुल 110 जोडो का विवाह वैदिक रीति से सम्पन्न हुआ।




जनपद के आयोजन में जनपद अध्यक्ष अंजू सिंह ,विधायक प्रतिनिधि भागवेन्द्र सिंह जिला पंचायत सभापति ज्ञानेंद्र सिंह ,तहसीलदार ज्योति पटेल नायब मुकेश साहू , सी ई ओ ओ. पी. अस्थाना के अलावा जन प्रतिनिधि जनपद सदस्य,सरपंच , सचिव कर्मचारियों ,अधिकारियो सहित काफी संख्या में दोनो पक्षों के जुम्ममेदार उपस्थित रहे, इस दरमियान मंचासीन अतिथितियो ने शासन की जन हितैसी योजनाओं की विस्तार पूर्वक चर्चा की ।

नगर परिषद द्वारा टॉउन हाल में हुये विवाह का आयोजन गर्मी से राहत देने वाला सुकून भरा रहा। आयोजन की खास बात यह रही की मां खेर माई मन्दिर से गाजे बाजे के साथ बारात आयोजन स्थल तक निकाली गई आयोजन में अध्यक्ष सी एम ओ सहित कई कर्मचारी साफा बांधे नजर आये मुख्य अतिथि के रूप से पूर्व शिक्षक दयाराम सोनी रहे वहीं मंचासीन मंडल अध्यक्ष , समाज सेवी अंजना ताम्रकार नगर परिषद अध्यक्ष निरंजन प्रजापति सी एम ओ प्रभात वरक? सहित पार्षद गण रहे। आयोजन को सफल बनाने में कर्मचारी गणों का भी भरपूर सहयोग रहा ।जनपद के आयोजन का सफल संचालन शिक्षक अनिल सिंह ने किया जबकी नगर परिषद के आयोजन का शिवम ताम्रकार ,कृषण प्रताप सिंह ने किया ।

# भारतीय किसान यूनियन की बैठक में विभिन्न मांगों के लिए बनी रणनीति

**नवभारत न्यूज**

**कोटर 19 अप्रैल, जिले के कोटर तहसील प्रांगण में स्थित आम के पेड़ के नीचे 16 अप्रैल दिन गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन तहशील इकाई रामपुर ब्लॉक उत्तरी कोटर की मासिक बैठक तहशील अध्यक्ष रामकृष्ण पाण्डेय की अध्यक्षता में की गई।**

बैठक में मुख्य रुप से जिला उपाध्यक्ष चिंतामणि कुशवाहा की उपस्थिति में ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं पर चर्चा और शासन प्रशासन से समस्याओं का त्वरित निदान करने की माँग रखी गई। जिसमें



ग्रामीण क्षेत्रों में बिगड़े हैंडपंप से पानी की समस्या, कोटर तहसील क्षेत्र में फायर ब्रिगेड 1 होने और आगजनी कई गांवों में होने से किसानों की फ़सल खाक होना, घर गृहस्थी राख में मिल जाना, कोटर बिजली विभाग 11 केवी तार का मेंटेनेंस सही समय पर न होना। बाणसागर नहर परियोजना का पानी चालू कर ग्रामीण क्षेत्रों के पोखर तालाब भरा जाय। इस मौके पर सुरेन्द्र सिंह, लोकेश्वर प्रताप सिंह,लालू प्रताप सिंह, पिंटू सिंह, सत्यप्रकाश गौतम, रामानुज सिंह, कौशल प्रसाद विश्वकर्मा, लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी, सहित अन्य किसान मजदूर वर्ग उपस्थित रहे।

# मलगांव में आज मनाया जाएगा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

**नवभारत न्यूज**

**कोटर 19 अप्रैल, जिले की कोटर तहसील के ग्राम पंचायत मलगांव में बडे धूमधाम हर्षोल्लास साथ भगवान परशुराम जन्मोत्सव पं. अरुण तिवारी के मुख्य आतिथ्य एवं पं. बालेश त्रिपाठी के विशिष्ठ आतिथ्य में मनाया जाएगा।**

कार्यक्रम में अतिथियों को विशेष पटका और छाया चित्र से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में रामकिशोर शर्मा जगत नारायण त्रिपाठी डॉ प्रेमलाल शर्मा शुशील द्विवेदी (गुड्डा) राजललन तिवारी चुली पप्पू द्विवेदी बबलु तिवारी चुली पुष्पराज तिवारी उमेश द्विवेदी (चुली) अशोक द्विवेदी (चुली) ब्रजेश तिवारी (घुघुचिहाई) मनीष द्विवेदी अविनेश पांडे हरीश त्रिपाठी रहेंगे। संचालन पं नरेन्द्र पांडे बिहरा करेंगे। मुख्य आयोजक पं भागवत द्विवेद्वी (मप्र प्रभारी) राष्ट्रीय ब्राह्मण महा संस्था ने यह जानकारी दी।

# रामनगर में प्रधानमंत्री के राष्ट्र के नाम संबोधन को मातृ शक्ति ने सुना

**नवभारत न्यूज**

**रामनगर 19 अप्रैल, विधानसभा क्षेत्र अमरपाटन के नगर परिषद रामनगर में पूर्व अध्यक्ष रामसुशील पटेल के निजी निवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विषय पर दिए गए राष्ट्र के नाम संबोधन को मातृ शक्तियों के साथ भाजपा नेताओं ने गंभीरता से देखा और सुना गया।**

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल विशेष रूप से



मौजूद रहे।मातृ शक्तियों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को भावुक होकर सुना, जिसमें उन्होंने देश की महिलाओं के सम्मान, अधिकार और राजनीतिक भागीदारी पर जोर दिया तथा कांग्रेस एवं उसके सहयोगी दलों की महिला विरोधी सोच को देश के सामने उजागर किया। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार दिलाने वाले इस ऐतिहासिक विधेयक को समर्थन न देना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। यह केवल एक बिल का विरोध नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी के सशक्तिकरण की भावना का विरोध है। वर्षों से महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी दिलाने की मांग को ठुकराना लोकतंत्र की मूल भावना के विपरीत है। उन्होंने कहा कि देश की नारी शक्ति जागरूक है, सजग है और अपने सम्मान के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ स्वीकार नहीं करेगी। आने वाले समय में देश की महिलाएं लोकतांत्रिक माध्यम से इसका सशक्त उत्तर देंगी। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने प्रधानमंत्री के संबोधन का स्वागत करते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल ने इस अवसर पर कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं के अधिकारों के लिए निरंतर प्रयासरत है और विपक्ष की नकारात्मक सोच को जनता समझ चुकी है।

# पीएम श्री कन्या विद्यालय का रहा उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम



**नवभारत न्यूज**

**नागौद 19 अप्रैल, पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नागौद की छात्राओं ने विद्यालय का नाम रोशन किया है ।**

10 वीं में स्कूल के टॉपर्स- अनुष्का अहिरवार - 469/500 - 93.8प्र., संध्या प्रजापति - 466/500 - 93.2प्र. , स्नेहा कुशवाहा - 466/500 - 93.2प्र.,

चेतना नामदेव - 459/500 - 91.4प्र. ,अनमिका पांडेय - 433/500 - 86.6प्र. ,देवांशी तिवारी - 430/500 - 86प्र. सभी 6 छात्राओं ने 86प्र. से ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं। अनुष्का अहिरवार 93.8प्र. के साथ स्कूल टॉपर रहीं। म.प्र. शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में ॥.ऽ.ऽ. 67.5प्र. और हाईस्कूल का 57.01प्र. परिणाम रहा। विद्यालय का परिणाम इनसे काफी बेहतर है।



# रामनगर बस स्टैंड का सपना अधूरा

- जून 2024 में पूरा होने वाला प्रोजेक्ट अब जून 2026 तक भी रहेगा अधूरा , ठेकेदार-नगर परिषद की मिलीभगत

**नवभारत न्यूज**

**रामनगर 19 अप्रैल, नगर परिषद रामनगर वार्ड नंबर 14 कैम्प रामनगर नये बस स्टैंड के साथ शापिंग काम्पलेक्स का निर्माण कार्य दो साल से ज्यादा का विलंब झेल चुका है। 4 करोड़ से भी कम की राशि से बनने वाला यह बस स्टैंड जून 2024 में पूरा होने वाला था, लेकिन जून 2026 भी आने वाला है और बस स्टैंड अभी भी अधूरा पड़ा है।**

ठेकेदार और उसके साथियों के रहमो-करम' पर निर्भर यह परियोजना अब शायद कभी पूरा भी न हो—यह सवाल स्थानीय लोगों के मन में घूम रहा है। नगर परिषद द्वारा मंजूर इस प्रोजेक्ट में निर्माण कार्य की रफ्तार इतनी धीमी है कि लोग अब हताश हो चुके हैं। सूत्रों के अनुसार, काम में घटिया लोकल मटेरियल का खुलेआम इस्तेमाल किया जा रहा है। अच्छी क्वालिटी के बजाय सस्ता और निम्न दर्जे का सामान लगाया जा रहा है, जिसकी वजह से दीवारें, फर्श और छत की मजबूती पर सवाल उठ रहे हैं। फिर भी भुगतान पहले नंबर में हो रहा है। ठेकेदार को राशि मिलती जा रही है, लेकिन काम ठप्प पड़ा है। स्थानीय निवासी आक्रोशित हैं। एक स्थानीय ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, दो साल से बस स्टैंड का सपना देख रहे हैं। हर बार कहते हैं—जल्द पूरा हो जाएगा। लेकिन हकीकत ये है कि ठेकेदार और अधिकारियों की मिलीभगत से काम रुक-रुक कर चल रहा है। घटिया मटेरियल लगाकर पैसे बचाए जा रहे हैं और बिल पास कर दिए जा रहे हैं।

### जनता पूछ रही है

- 4 करोड़ से कम की लागत में इतना विलंब क्यों?
- घटिया मटेरियल का इस्तेमाल कौन करवा रहा है?
- भुगतान पहले और काम बाद में—यह कैसी व्यवस्था है?
- क्या जून 2026 तक भी यह बस स्टैंड पूरा नहीं होगा?


नगर परिषद प्रशासन और ठेकेदार की ओर से इस मामले में कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला है।

# अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह सेवा संगठन ने शिवांश को किया सम्मानित

**नवभारत न्यूज**

**कोठी 19 अप्रैल, मनकहरी गांव के जयदेव सिंह के नाती रवि प्रताप सिंह बघेल के पुत्र शिवांश सिंह के कक्षा दसवीं में 90प्र. अंक प्राप्त करने पर अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह सेवा संगठन के पदाधिकारियों ने विशेष रूप से सम्मान किया.**

संगठन के संरक्षक चंद्रमौलेश्वर प्रताप सिंह, संगठन के कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह जीत एवं संगठन के प्रचार प्रसार विभाग



के प्रभारी बबलू सिंह द्वारा शिवांश का माल्यार्पण करते हुए श्रीफल प्रदान करते हुए नगद राशि देकर मिष्ठान खिलाकर खुशी का इजहार किया इस दौरान गांव के अन्य नागरिक भी मौजूद रहे सभी ने शिवांश के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की।

### अंशिका सोनी ने भी विद्यालय का नाम रोशन किया

**नागौद 19 अप्रैल,** सत्य निकेतन हायर सेकेंडरी, नागौद की 12 वीं की छात्रा अंशिका सोनी पिता अनिल कुमार सोनी



पूर्व डीओसी एकाउंट माता सुषमा सोनी निवासी पुरानी कोतवाली रोड, नागौद ने गणित संकाय में 92त्न अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया।

# उदय चौक में मटका अटका

**नवभारत न्यूज**

**नागौद 19 अप्रैल, नगर परिषद नागौद 15 वर्ष पूर्व उदय चौक का सौन्दर्यकरण कराया गया था.**

3 महीने पहले एक कार चालक ने अनियंत्रित वाहन चलाते हुए सौंदरीकरण को ठोकर मार कर नष्ट कर दिया और मटका अपने ठीहे के साथ गिर गया जबसे आज तक सड़क में मटका पड़ा हुआ है जबकि



लाखों रुपए खर्च कर सौंदरीकरण कराया गया था।

# अक्षय तृतीया पर कामतानाथ परिक्रमा मार्ग में की गई व्यापक सफाई

**नवभारत न्यूज**

**चित्रकूट 19 अप्रैल। धर्मनगरी चित्रकूट दो प्रदेशों की सीमा पर स्थित है जहां कामदगिरि पर्वत परिक्रमा दो भागों में विभाजित है। चित्रकूट उत्तर प्रदेश के जिलाधिकारी पुलकित गर्ग निर्देशन में कामदगिरि स्वच्छता समिति के संयुक्त सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।**

अभियान के अंतर्गत कामदगिरि परिक्रमा मार्ग के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर विशेष सफाई कार्य कराया गया। विशेष रूप से भरत मिलाप मंदिर के समीप व्यापक सफाई अभियान चलाते हुए कूड़ा-करकट का निस्तारण, मार्ग की सफाई एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित किया गया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्वयं उपस्थित रहकर सफाई कार्यों का निरीक्षण एवं संचालन किया गया।

कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने परिक्रमा मार्ग को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की। साथ ही, अभियान के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं, स्थानीय नागरिकों एवं दुकानदारों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया तथा उन्हें यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। सभी



से अपील की गई कि वे कूड़ा निर्धारित स्थान पर ही डालें, प्लास्टिक का उपयोग कम करें तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत विशेष रूप से नागरिकों से अनुरोध किया गया कि वे नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाने के लिए प्रशासन का सहयोग करें तथा स्वच्छता से जुड़े नियमों का पालन करें। यह भी बताया गया कि जनसहभागिता से ही स्वच्छ सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन संभव है। स्वच्छ भारत मिशन (नगरी) के जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवा कुमार ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025ङ्क26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है साथ ही इस महासफाई अभियान का मुख्य उद्देश्य कामदगिरि परिक्रमा मार्ग को स्वच्छ, सुंदर एवं श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित एवं सुगम बनाना है, जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को एक स्वच्छ एवं सकारात्मक वातावरण प्राप्त हो सके। यह अभियान जन-जागरूकता के साथ-साथ सामूहिक प्रयासों का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर रसूल खान वन विभाग जितेंद्र केशरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, कृष्णा शुक्ला जानकी विनोद राकेश केशरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, कृष्णा शुक्ला, श्रीमती अंजू वर्मा, विनोद कुमार, श्रीमती जानकी त्रिपाठी, देशराज शुक्ला, सफाई नायक श्रीमती जानकी कुशवाह, सफाई नायक श्री विनोद सहित अन्य कर्मचारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।